# स्ट्राइक हुई तो रुलाएगी बिजली

» वार्ता में सहमति नहीं बनी तो 11 अगस्त से होगी हड़ताल

» वार्ता में शामिल होंगे तीनों ऊर्जा निगमों के एचआर डायरेक्टर

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (3 Aug,) :** तीनों ऊर्जा निगमों को एक होल्डिंग कंपनी के अधीन करने सहित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर निगम प्रबंधन से नाराज चल रहे उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने संडे को ईसी रोड स्थित ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस ऑर्गनाइज की. मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपनी 11 अगस्त से प्रस्तावित हड़ताल को लेकर सभी घटक दलों के बीच एकता होने का संदेश दिया. सह संयोजक केआर कश्यप ने बताया कि 7 अगस्त को तीनों निगमों के डायरेक्टर एचआर ने कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों को उज्जवल भवन में वार्ता के लिए बुलाया है.

PIC: I NEXT



जानकारी देते पदाधिकारी.

### कर्मचारियों के हित में वार्ता हो रही

इसमें भी मोर्चा को तोड़ने की साजिश की गई है. क्योंकि वार्ता में मोर्चा को दरकिनार करते हुए सभी कर्मचारी संगठनों के एक-एक पदाधिकारियों को बुलाया गया है, लेकिन कर्मचारियों के हित में वार्ता हो रही है, इसलिए वह सभी तैयार हैं, लेकिन उन्होंने वार्ता के दौरान चीफ मिनिस्टर द्वारा अपना एक प्रतिनिधि भेजे जाने की मांग भी है. जो वार्ता में तटस्थ भूमिका निभाए. इस संबंध में मोर्चा द्वारा सीएम को एक पत्र लिखा गया है.

### प्रबंध निदेशक पर आरोप लगाए

सह संयोजक केआर कश्यप ने कहा कि निगम प्रबंधन के झूठे आश्वासनों, निगम कार्मिकों के मनोबल गिराने वाले तुगलगी फरमानों और खासतौर पर निगम यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक के कारण मोर्चा को यह निर्णय लेने पर बाध्य होना पड़ा. निगम प्रबंधन द्वारा मोर्चा के तोड़ने की पूरी कोशिश की जा रही है. पिटकुल और यूपीसीएल के ऑफिस से हड़ताल के पोस्टर फाड़े जा रहे हैं. बकायदा इसके लिए सर्कुलर जारी किया जा रहा है और खर्चा यूनियन से लिया जा रहा है. हड़ताल को दबाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है. लेकिन मोर्चा के बैनर तले सभी कर्मचारी एक हैं उन्हें कोई बड़ी से बड़ी ताकत नहीं तोड़ सकती है.

### कार्यों की जांच करे शासन

साथ ही उन्होंने यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक पर शासन को गुमराह करने का अरोप भी लगाया. सह संयोजक कश्यप ने कहा कि मोर्चा शासन से मांग करता है कि प्रबंध निदेशक यूपीसीएल के कार्यकाल में किए गए कार्यों की जांच करें. मोर्चा के पदाधिकारी एपी आमोली ने कहा कि 7 अगस्त को वार्ता में अगर मांगों को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 11 अगस्त से सभी बिजली कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रबंधन की होगी. इस मौके पर जेएन कोठियाल, कहर सिंह, डीआर रघु, एपी अमोली, डीसी ध्यानी, वाईएस तोमर, जगमहर शर्मा आदि शामिल रहे.

### ऑफिशियल कर्मचारी शामिल

दरअसल, जिस मोर्चा के बैनर तले यह हड़ताल हो रही है. उसमें बिजली कर्मचारी संगठन के सभी 8 घटक दल शामिल हैं. जिसमें फोर्थ क्लास कर्मचारी से लेकर ऑफिसर रैंक भी शामिल हैं. ऐसे में ऊर्जा निगम में सभी प्रकार के काम प्रभावित होने की उम्मीद है. बरसात में एक तरफ जल विद्युत परियोजनाओं से बिजली उत्पादन लगातार घटता जा रहा है. तो आए दिन बारिश में लाइन ट्रिपिंग भी हो रही है. इन सब प्रॉब्लम्स के बीच कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से संपूर्ण प्रदेश में बिजली व्यवस्थाएं ठप पड़ जाएंगी. क्योंकि यह हड़ताल सभी जिला मुख्यालयों में चलेगी, जिसमें लाइनमैन से लेकर ऑफीशियल रैंक के कर्मचारी शामिल रहेंगे.

### पब्लिक की बढ़ जाएंगी परेशानी

7 अगस्त को अगर निगम प्रबंधन और कर्मचारी संगठन के बीच मांगों को लेकर सहमति नहीं बनती है. कर्मचारी 11 अगस्त से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसका असर सीधा जनता पर पड़ेगा. क्योंकि हड़ताल हुई तो निगम प्रबंधन और कर्मचारी संगठन के बीच जनता ही पिसेगी.

## ढंग से चलेंगी सिटी बस

» महासंघ ने मीटिंग बुलाकर सभी रूट के प्रधानों को दिए सख्त निर्देश

» सिटी बस सेवा महासंघ की मीटिंग में लिए गए कई अहम फैसले

» परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन से शिकायत की जाएगी

**DEHRADUN (3 Aug,) :** महानगर सिटी बस सेवा महासंघ के बैनर तले संडे को ऑर्गनाइज मीटिंग में सभी रूट के प्रधानों ने हिस्सा लिया. इस मौके पर शहर में बस के व्यवस्थित ढंग से संचालन के लिए कई बिंदुओ पर निर्णय लिया गया. महासंघ के अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने बताया कि मीटिंग में निर्णय लिया गया कि सभी सिटी बस के ड्राइवर और कंडक्टर अपनी पूरी वर्दी में गाड़ी चलाएंगे. गाड़ी को ओवर स्पीड में नहीं चलाया जाएगा. साथ ही महिलाओं और विकलांगों को उनकी आरक्षित सीट पर बैठाया जाएगा. इसके अलावा सभी सवारियों को टिकट दिया जाएगा और साथ ही सवारियों से अच्छा व्यवहार किया जाएगा. अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने सभी रूट के प्रधानों को निर्देश देते हुए कहा कि जो सिटी बस ड्राइवर और कंडक्टर इन नियमों का पालन नहीं करेगा. उनके खिलाफ परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन से शिकायत की जाएगी. पुलिस और आरटीओ विभाग द्वारा जिन गाड़ियों पर कार्रवाई की जाएगी. इन मामलों में सिटी बस महासंघ हस्तक्षेप नहीं करेगा. यह सभी व्यवस्थाएं 7 अगस्त से सभी रूट के प्रधानों को माननी होंगी. साथ ही महासंघ ने प्रशासन से शहर में स्टैंड की व्यवस्थाएं कराई जाने की मांग की.

## अनशनकारी का स्वास्थ्य बिगड़ा, हॉस्पिटल में कराया गया एडमिट

» विरोध में दो और कॉन्ट्रेक्ट पॉलिटेक्निक टीचर आमरण अनशन पर बैठे

» कॉन्ट्रेक्टेड टीचर जगदीश सिंह नेगी का स्वास्थ्य संडे मॉर्निंग में खराब हो गया

**DEHRADUN (3 Aug,) :** पिछले छह दिनों से आमरण अनशन पर बैठे छह पॉलिटेक्निक कॉन्ट्रेक्टेड टीचर्स में से एक टीचर का स्वास्थ्य बिगड़ने पर हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है. डॉक्टर्स की एडवाइज के बाद पुलिस ने अनशन पर बैठे टीचर को कोरोनेशन हॉस्पिटल में एडमिट कराया है. वहीं जबरन हॉस्पिटल में एडमिट कराने के विरोध में दो और टीचर्स आमरण अनशन पर बैठ गए हैं.

### एडमिट कराने की सलाह दी

लगातार छह दिनों से आमरण अनशन पर बैठे पॉलिटेक्निक कॉन्ट्रेक्टेड टीचर जगदीश सिंह नेगी का स्वास्थ्य संडे मॉर्निंग में खराब हो गया. हेल्थ चेकअप के बाद डॉक्टर्स ने उन्हें जल्द हॉस्पिटल में एडमिट कराने की सलाह दी, लेकिन वह नहीं माने इस पर पुलिस ने अनशन कर रहे टीचर को कोरोनेशन हॉस्पिटल में एडमिट करा दिया. जिसके विरोध में अरविंद रावत और ऋतुराज नेगी आमरण अनशन पर बैठ गए.

### सरकार को फिक्र नहीं

वहीं संदीप चुनियाल, मनीष भट्ट, पूनम रावत, दिव्या नेगी और पूरण सिंह राणा के स्वास्थ्य में भी गिरावट दर्ज की गई है. सोसायटी के स्टेट प्रेसीडेंट सर्वेश चौधरी ने बताया कि सरकार टीचर्स और स्टूडेंट्स के दोनों के बारे में नहीं सोच रही है. 16 जुलाई से सेशन स्टार्ट हो चुका है. इसके बाद भी गवर्नमेंट लगातार टीचर्स के आंदोलन की अनदेखी कर रही है. उन्होंने कहा कि शिक्षक लंबे समय से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. उसके बावजूद उनकी मांग पूरी नहीं की जा रही है. प्रदर्शनकारियों में नंद किशोर सती, पूरन सिंह राणा, महेश पाल, सुमित कुमार, शीतल, महेश कुमार, सुभाष पाल, राजेश सिंह नेगी, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे.

## City brief

### 51 पूजन सामग्रियों से किया महारुद्राभिषेक

**DEHRADUN :** श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में संडे को 51 प्रकार की पूजन सामग्री से भगवान श्री पृथ्वीनाथ महादेव का सामूहिक महारुद्राभिषेक किया गया. सेवादार और श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगाजल, दूध, दही, घी, मधु, शक्कर, पंचामृत, तिल, जौ, चावल, रोली, मोली सहित 51 पूजन सामग्रियों से सामूहिक रुद्राभिषेक कर विश्व कल्याण व प्रदेश की खुशहाली के निमित प्रार्थना की. इस मौके पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा रुद्री के पाठ भी किए. मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. इस अवसर पर दिगंबर दिनेशपुरी, पंडित भारतभूषण भट्ट, राजेंद्र आनंद, नीरज अग्रवाल आदि मौजूद रहे.

### स्वामी अग्निवेश के बयानों की निंदा

स्वामी अग्निवेश द्वारा अमरनाथ, कांवड़ यात्रा, नरेंद्र मोदी के पशुपतिनाथ दर्शन, जगदगुरु शंकराचार्य आदि पर दिए गए बयानों पर संस्कार परिवार माता वैष्णों देवी गुफा मंदिर टपकेश्वर महादेव के अधिष्ठाता आचार्य बिपिन जोशी ने कड़े शब्दों में निंदा की है. उन्होंने कहा कि पवित्र देवभूमि में पहुंचकर स्वामी अग्निवेश ने श्रद्धालुओं की पवित्र भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है. उन्हें सनातन हिंदू धर्म की परंपराओं, आस्था और विश्वास पर बोलने का कोई हक नहीं है. उन्होंने कहा कि स्वामी अग्निवेश अपने बयानों के लिए श्रद्धालुओं से माफी मांगे.

### भक्ति के बिना इंसान अपूर्ण है

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से साप्ताहिक सत्संग-प्रवचन एवं मधुर भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस मौके पर साध्वी कामाख्या भारती ने कहा कि भक्ति के बिना इंसान अपूर्ण है, अधूरा है. धर्म की सारगर्भित व्याख्या भक्ति के माध्यम से ही विवेचित होती है. उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है कि आज संसार के लोगों ने अपने-अपने मतानुसार धर्म निर्मित कर लिया है. जो मानव समाज में आडंबर और वैमनस्यता को जन्म देने का कार्य कर रहा है.

### कण-कण में विद्यमान हैं परमात्मा

संत निरंकारी मंडल के तत्वाधान में संडे को रेस्ट कैंप स्थित संत निरंकारी भवन में सत्संग का आयोजन किया गया. चमोली जोन के जोनल इंचार्ज संत प्रताप सिंह चौधरी ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों में कहा कि परमपिता परमात्मा अजर, अमर और अविनाशी हैं, कण-कण में विद्यमान हैं. इसकी पहचान हमें सद्गुरु की कृपा से ही होती है. उन्होंने कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज मानवता के कल्याण के लिए हर पल प्रयत्नशील हैं. वे अपने संतों को ऐसा ज्ञान देते हैं, जो जनमानस में फैली भ्रांतियों को दूर करते हैं.

### शिविर में 36 यूनिट रक्त हुआ एकत्र

उत्तरांचल वैश्य अग्रवाल सभा की वार्ड-57 इकाई के द्वारा संडे को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शांति विहार में लगाए गए कैंप में 36 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया. वार्ड कोषाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल ने बताया कि शिविर आईएमए ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया था. उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए संस्था अपना सामाजिक दायित्व निर्वाह करते हुए हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन करती है.

### तीज महोत्सव में 25 कीर्तन मंडलियों ने लिया हिस्सा

बीजेपी महिला मोर्चा की ओर से संडे को हरिद्वार बाईपास रोड स्थित गीतांजली गार्डन में तीज महोत्सव सेलिब्रेट किया गया. इस मौके पर शशी चमोली और महानगर अध्यक्ष नीलम सहगल चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद रहीं. इसमें धर्मपुर विधानसभा की 25 कीर्तन मंडलियों ने हिस्सा लिया. जय मां ज्वाला देवी कीर्तन मंडली विनर रही. सेकेंड नंबर पर नवदुर्गा कीर्तन मंडली और थर्ड नंबर प्रेमलता बिजौला कीर्तन मंडली रही. जबकि ममता नेगी तीज क्वीन बनी. तीज क्वीन कॉन्टेस्ट में सेकेंड अंजू बिष्ट और थर्ड प्राइज वंदना जोशी के नाम रहा. रेनू कश्यप को सांत्वना पुरस्कार मिला.

### दून यूनाइटेड और द ग्राफ के बीच ड्रॉ रहा मैच

पवेलियन ग्राउंड में चल रही डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल लीग में संडे को दून यूनाइटेड और द ग्राफ के बीच मैच 2-2 गोल से ड्रॉ रहा. दून यूनाइटेड के लिए अरूण ने 8वें और राहुल ने 26वें मिनट में गोल किया. द ग्राफ की ओर से सूरज ने फर्स्ट गोल 12वें और सेकेंड गोल 45वें मिनट में दागा. सेकेंड मैच शिवालिक और खलंगा के बीच खेला गया. हैवी बारिश के चलते 40 मिनट ही खेल हो पाया. खेल रोके जाने तक दोनो टीम 1-1 गोल से बराबर पर थीं. 40 मिनट के बाद का खेल मंडे को खेला जाएगा.

### आर्मी स्कूल क्लेमेनटाउन ने 4-0 से जीता मैच

आर्मी सब एरिया गढ़ी कैंट के तत्वाधान में महिन्द्रा ग्राउंड में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में संडे को दो मैच खेले गए. फर्स्ट मैच में आर्मी स्कूल क्लेमेनटाउन ने सेवन ओक्स स्कूल को 4-0 से रौंदा, जबकि सेकेंड मैच कैम्ब्रेन हॉल और गोरखा मिलिट्री स्कूल के बीच बारिश के चलते रोकना पड़ा. मैच रोके जाने पर गोरखा मिलिट्री स्कूल 2-1 से मैच में आगे चल रहा था और मैच की समाप्ती के लिए महज 8 मिनट का खेल शेष था. मंडे को शेष 8 मिनट का गेम चलेगा.

### जिपं सदस्य चंद्रबनी को कोर्ट से राहत

जिला पंचायत सदस्य की चंद्रबनी सीट से विजयी प्रत्याशी देवेश्वरी देवली को जिला न्यायालय से राहत मिली है. उनकी जीत को चुनौती देने वाली पराजित विपक्षी की याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया है. याचिकाकर्ता ने विजयी प्रत्याशी के अध्यक्ष पद के चुनाव में भाग न लेने से भी उसे रोके जाने की मांग की थी. गौरतलब है कि जिला पंचायत सदस्य सीट चंद्रबनी में परिणामों के बाद गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था.